# श्याम मेरी चुनर पे रंग मत डाल होली भजन लिरिक्स

श्याम मेरी चुनर पे,
रंग मत डाल,
विनती करूं पैया पडु,
तोरे बार-बार।bd।

तर्ज – श्याम तेरी बंसी।

---

भर पिचकारी कान्हा,
सन्मुख ना मारो,
अबीर गुलाल मेरे,
मुख पे ना डारो,
आज आई -2,
करके मैं सोलह श्रृंगार,
विनती करूं पैया पडु,
तोरे बार-बार।bd।

---

बीच बजरिया,
ना रोको मुरारी,
जाने दो श्याम,
मत आवो अगाड़ी,
पकड़ो ना बहिया जी-2,
पराई हू नार,
विनती करूं पैया पडु,
तोरे बार-बार।bd।

---

संग सहेली सब,
हांसी करेगी,
सास ननंद की मोहे,
डांट पड़ेगी,
झगडेंगे सैया जी-2,
घर पे हमार,
विनती करूं पैया पडु,
तोरे बार-बार।bd।

---

मानो कही विनती,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अब सुन लो हमारी,
भक्त 'दयाल' रहे,
शरण तुम्हारी,
श्याम तेरे चरणों में-2,
जाऊं बलिहार,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।bd।

---

श्याम मेरी चुनर पे,
रंग मत डाल,
विनती करूं पैया पड़ु,
तोरे बार-बार।bd।

गायक – द्वारका मंत्री।
देवास मध्य प्रदेश 94250 47895
लेखक – रामेश्वर दयाल जी आसावा इंदौर।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com